<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–13.01.2025 (दोपहर–1455 बजे)</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सबका साथ–सबका विकास के संकल्प को दोहराया है। कश्मीर के गांदरबल जिले में प्रतिष्ठित सोनमर्ग सुरंग राष्ट्र को समर्पित करते हुए श्री मोदी ने विकास की अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि अब तक देशभर के चार करोड़ गरीबों को पक्के मकान दिये गये हैं और तीन करोड़ नये मकान बनाये जा रहे हैं।

**********

विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ आज पौष पूर्णिमा के अवसर पर प्रयागराज में अमृत स्नान के साथ शुरू हो गया। लाखों श्रद्धालु, तीर्थयात्री और आगंतुक गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी के विभिन्न घाटों पर पवित्र डुबकी लगा रहे हैं। इस भव्य आयोजन का समापन 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन होगा। 144 वर्षों में एक बार होने वाला एक दुर्लभ खगोलीय संयोग इस वर्ष महाकुंभ की विशेषता को और बढ़ा रहा है। एक रिपोर्ट

**********

झारखंड हाईकोर्ट में शहरी निकाय चुनाव कराने को लेकर निवर्तमान पार्षद रोशनी खलखो द्वारा दाखिल याचिका पर आज सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने अदालत को बताया कि ट्रिपल टेस्ट करवा कर चुनाव कराया जायेगा। इस पर न्यायालय ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने यह कहा है कि ट्रिपल टेस्ट के बैगर ही निकाय चुनाव कराया जाये। ट्रिपल टेस्ट की आड़ में निकाय चुनाव रोक नहीं सकते हैं। यह आदेश दिये जाने पर भी राज्य सरकार द्वारा चुनाव नहीं कराना, कोर्ट के आदेश की अवमानना है। अब अदालत इस मामले की अगली सुनवाई 16 जनवरी को करेगा।

**********

लोहडी का त्योहार आज झारखंड समेत देश के कई हिस्सों में उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। एक रिपोर्ट।

**********

राजस्थान के जयपुर में आयोजित छठवीं पैरा नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में खूंटी के खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। और जानकारी दे रही हैं हमारी संवाददाता।
साउंड बाइट– ज्योत्सना शीला डांग, खूंटी– 33 सेकेण्ड

**********

औद्योगिक नगरी जमशेदपुर में स्कूलों के 100 गज के दायरे में तम्बाकू उत्पाद की बिक्री पर रोक के लिए जिला प्रशासन की ओर से सख्त कदम उठाये जा रहे हैं। इस सिलसिले में उपायुक्त के निर्देश पर धालभूम के अनुमंडल पदाधिकारी शताब्दी मजूमदार के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया गया। आमबगान और साक्ची क्षेत्र में चलाए गए जांच अभियान के दौरान पांच दुकानों से तम्बाकू उत्पाद जब्त करते हुए दुकानदारों से एक हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया।

*******समाप्त*********